DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Accredited with B+ Grade by NAAC
Kargi Road, Kota, Dist.-Bilaspur (C.G.)
Ph. : 07753-253 801 Fax : 07753-253728
e-mail : info@cvru.ac.in, visit us at : www.cvru.ac.in

क्र. 107A/कु.स./सी.वी.आर.यू./2023 बिलासपुर, दिनांक : 04.10.2023

प्रति,

अध्यक्ष महोदय,
छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग,
छत्तीसगढ़ शासन,
रायपुर (छ.ग.)

विषय :– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय का माह सिंतबर – 2023 का मासिक प्रगति प्रतिवेदन।

आदरणीय महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत, डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा माह सिंतबर – 2023 का मासिक प्रतिवेदन प्रेषित किया जा रहा है।

सादर,

कुलसचिव

# डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय

## करगीरोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

## मासिक प्रगति पत्रक

माह :– सितंबर – 2023

| | | |
|---|---|---|
| 01 | विश्वविद्यालय का नाम एवं स्थापना वर्ष। | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय, स्थापना वर्ष नवम्बर 2006, |
| 02 | विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी। | फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी<br>बी. ई. (कम्प्यूटर साईस)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स)<br>बी. ई. (इलेक्ट्रिकल)<br>बी. ई. (मेकनिकल)<br>बी. ई. (सिविल)<br>बी. वोक (वोकेशनल)<br><br>एम. टेक. (कम्प्यूटर साईस)<br>एम. टेक. (डिजीटल कम्यूनिकेशन)<br>एम. टेक. (प्रोडक्शन इंजी.)<br>एम. टेक. (पावर सिस्टम)<br>एम. टेक. (साफटवेयर इंजी.)<br>एम. टेक. (वी.एल.एस.आई.)<br><br>डिप्लोमा (सिविल इंजी.)<br>डिप्लोमा (कम्प्यूटर साईस)<br>डिप्लोमा (ईई)<br>डिप्लोमा (मेकनिकल इंजी.)<br><br>फैकल्टी ऑफ एजुकेशन एण्ड फिजिकल एजुकेशन<br>बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी. एड.)<br>मास्टर ऑफ एजुकेशन (एम. एड.)<br>बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस (बी.पी.ई.एस.)<br>मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस (एम.पी.ई.एस.)<br><br>फैकल्टी ऑफ वाणिज्य एवं प्रबंधन<br>बैचलर ऑफ कामर्स (बी. काम.) |

मास्टर ऑफ कामर्स (एम. काम.)
मास्टर ऑफ बिजिनेस एडमिनिस्ट्रेशन(एम.बी.ए.)
बैचलर ऑफ बिजिनेस एडमिनिस्ट्रेशन(बी.बी.ए.)
पोस्ट ग्रेजुऐट डिप्लोमा इन बिजिनेस मैनेजमेंट (पीजीडीबीएम)

फैकल्टी ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी

पीजीडीसीए (पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन)
बी.सी.ए. (बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन)
डी.सी.ए. (डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन)
एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साईंस)
एम.एस.सी. (आई. टी.)

फैकल्टी ऑफ आर्ट्स

बी. ए. (हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, भूगोल, शिक्षा, राजनीति शास्त, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाज शास्त्र)
एम. ए. (हिन्दी साहित्य)
एम. ए. (अंग्रेजी साहित्य)
एम. ए. (संस्कृत साहित्य)
एम. ए. (भूगोल)
एम. ए. (शिक्षा)
एम. ए. (राजनीति शास्त्र)
एम. ए. (अर्थशास्त्र)
एम. ए. (इतिहास)
एम. ए. (समाज शास्त्र)
बी. लिब.
एम. लिब.
एम. एस. डब्ल्यू.
ललित कला

फैकल्टी ऑफ जर्नालिज्म एण्ड मास कामुनिकेशन

बी. जे. एम. सी.
एम. जे. एम. सी.

फैकल्टी ऑफ साईंस

बी. एस. सी. (जीव.)
बी. एस. सी. (गणित)
बी. एस. सी. (कम्प्यूटर साईंस)
एम. एस. सी. (गणित)
एम. एस. सी. (भौतिकी)
एम. एस. सी. (प्राणी शास्त्र)
एम. एस. सी. (वनस्पति शास्त्र)

| | | |
|---|---|---|
| | | एम. एस. सी. (रसायन)<br>एम. एस. सी. (सूक्ष्म जीव विज्ञान)<br>एम. एस. सी. (जैव प्रौद्योगिकी)<br>एम. एस. सी. (ग्रामीण प्रौद्योगिकी)<br><br>**फैकल्टी ऑफ लॉ**<br>बी.ए.एल.एल.बी<br>बी.काम. एल.एल.बी.<br>एल.एल.बी.<br>एल.एल.एम.<br><br>**फैकल्टी ऑफ फार्मेसी**<br>बी. फार्मा<br>डी. फार्मा<br>एम. फार्मा<br><br>**शोध पाठ्यक्रम** |
| 03 | क्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए संबंधित विनियामक इकाईयों के द्वारा सक्षम अनुमति प्राप्त कर ली गई है? यदि हां, तो तत्संबंधी आदेश की छायाप्रति। | हॉ, विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिये संबंधित विनियामक इकाईयों के द्वारा सक्षम अनुमति प्राप्त कर ली गई है। तत्संबंधी आदेश की छायाप्रति पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है। |
| 04 | विश्वविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं (भवन, प्रयोगशाला, ग्रंथालय, खेल मैदान, फर्नीचर, उपकरण एवं अन्य सुविधायें।) | विश्वविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधायें पर्याप्त है। |
| 05 | क्या विश्वविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधायें संचालित पाठ्यक्रमों के अनुरूप हैं? | उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, पाठ्यक्रमों के अनुरुप है। नए उपकरणों का क्रय किया जा चुका है। नया फर्नीचर एवं लाईब्रेरी के लिये पुस्तकों इत्यादि का क्रय भी किया जा चुका है। |
| 06 | विश्वविद्यालय में कार्यरत् अधिकारियों की जानकारी। | विश्वविद्यालय में 16 विभाग संचालित है, जिसमें शिक्षक एवं गैर शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति नियमानुसार मापदण्डों के आधार पर एवं योग्यता के अनुरूप की जाती है। |
| 07 | विश्वविद्यालय में कार्यरत् शिक्षक। | विश्वविद्यालय में 16 विभाग संचालित है, जिसमे शिक्षक एवं गैर शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति नियमानुसार मापदण्डों के आधार पर एवं योग्यता के अनुरूप की जाती है। विभाग में छात्र–छात्राओं की संख्या के आधार पर |

| | | |
|---|---|---|
| | | शिक्षकों एवं गैर शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति की गई है। |
| 08 | क्या विश्वविद्यालय में कार्यरत् शिक्षकों की योग्यता एवं अनुभव निर्धारित मापदंडों के अनुरूप है? | शिक्षकों की नियुक्ति नियमानुसार की गई है एवं मापदंडो के अनुरूप है। |
| 09 | क्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षकों की संख्या मापदंडों के अनुरूप है ? | शिक्षकों की संख्या मापदंडों के अनुरूप है, एवं छात्रों की संख्या के अनुसार है। |
| 10 | क्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम के लिए परिनियम/अध्यादेश का अनुमोदन प्राप्त किया गया है? यदि हां, तो उसका विवरण। | परिनियम एवं अध्यादेश विधिवत् अनुमोदित है एवं माननीय आयोग को प्रेषित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के परिनियम के आधार पर निम्न ईकाइयों का गठन किया गया है, जिसमें अंतर्गत शासी निकाय, प्रबंध मंडल एवं अकाद्मिक परिषद् का गठन किया गया है, जिसमें अकाद्मिक परिषद् द्वारा समय–समय पर पाठ्यक्रमों में परिवर्तन कर अपग्रेड किया जाता है, तथा उच्च कोटि के लैब, लाईब्रेरी का निर्माण पाठ्यक्रमानुसार किया गया है। अकाद्मिक परिषद् द्वारा समय–समय पर शोध कार्य हेतु सेमीनार, वर्कशाप एवं फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भी किया जाता है। |
| 11 | क्या विनियामक आयोग/शासन के द्वारा निजी क्षेत्र विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया है? यदि हां, तो निरीक्षण में पाई गई कमियां तथा कमियों को दूर करने के लिये विश्वविद्यालय को दिये गये निर्देश, क्या विश्वविद्यालय द्वारा शासन/विनियामक आयोग के निर्देशों का पालन किया गया है? | हॉ, माननीय आयोग के द्वारा विश्वविद्यालय का निरीक्षण दिनांक 26.12.2022 को किया गया था एवं दिनाक 25.01.2023 को सदस्य अकाद्मिक डॉ. अंजना शर्मा जी द्वारा विश्वविद्यालय के अकाद्मिक विभाग का अकाद्मिक विजिट किया गया। माननीय आयोग के निर्देशों का पालन नियमानुसार किया जा रहा है। |
| 12 | विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति पर संक्षिप्त प्रतिवेदन। | विश्वविद्यालय द्वारा समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश नियमानुसार एवं अध्यादेशों के अनुरूप प्रवेशित छात्र–छात्राओं द्वारा दी गई शुल्क द्वारा विश्वविद्यालय में अलग–अलग विभागों के लिये भवन, प्रयोशालाओं का निर्माण एवं उच्च कोटि के आधुनिक उपकरणों का क्रय, समस्त विभाग के अधिकारीगण, शिक्षणगण एवं कर्मचारियों के लिये फर्नीचर, ग्रंथालय में विभागानुसार पुस्तकों का क्रय एवं ग्रंथालय में छात्र–छात्राओं |

| | | |
|---|---|---|
| | | के लिये अध्ययन करने के लिये उच्च कोटि की व्यवस्था मापदण्डों के अनुरूप, आवागमन साधन एवं अन्य सुविधाओं की पूर्ति की जा रही है। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भी ऋण लिया गया है, विश्वविद्यालय की पितृ संस्था द्वारा भी विश्वविद्यालय को समय–समय पर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है। विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति नियमानुसार नियमित रूप से है। |
| 13 | छात्रों से विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए, लिये जाने वाले शुल्क की जानकारी। | छात्रों से विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए, लिये जाने वाले शुल्क की जानकारी पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है। |
| 14 | क्या शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य शुल्क विद्यार्थियों से लिये जाते हैं? यदि हां तो उसका औचित्य। | अध्यादेशों के अनुसार ही शुल्क लिया जाता है, अतिरिक्त शुल्क का कोई प्रावधान नहीं है। |
| 15 | क्या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम यूजीसी, एआईसीटीई या अन्य विनियामक इकाईयों के मार्गदर्शक बिन्दुओं के अनुरूप हैं? | विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रम यूजीसी के अधिनियम 1956 की धारा (22) के अनुरूप है तथा एआईसीटीई, एनसीटीई, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया या अन्य विनियामक इकाईयों के अनुसार है एवं अनुमोदित है, जिसका निरीक्षण संबंधित इकाईयों द्वारा तथा आयोग द्वारा किया जा चुका है। |
| 16 | विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियां। | – डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के रेडियो रमन 90.4 में दिनांक 01 सितंबर 2023 को छत्तीसगढ़ी लोककला संरक्षण एवं संवर्धन हेतु, आयोजन छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संस्कृति केंद्र, छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजनपीठ एवं रेडियो रमन के तत्वाधान में पंडवानी के पितामह श्री झाडूराम देवांगन के शिष्य छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार श्री चेतन लाल देवांगन, पहंदा, दुर्ग छत्तीसगढ़ का आगमन हुआ और अपने पंसदीदा शैली वेदमती में पंडवानी का रिकार्ड कराया गया, जिसका प्रसारण रेडियो रमन 90.4 में किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| | | – डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में उन्नत भारत अभियान के तहत ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग एवं आईक्यूएसी सेल के द्वारा पेरेनियल अवार्ड के अंतर्गत गोदग्राम पंडाकापा के आंगनबाड़ी केन्द्र में शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी बच्चों के पालकों को बच्चों के पालन–पोषण के बारे में जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के चारों ओर विश्वविद्यालय के उन्न्त भारत ईकाई द्वारा पौधारोपण का कार्य किया गया।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारीगण, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियें द्वारा दिनांक 04 सिंतबर 2023 को चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक चंद्रयान – 3 की लैंडिग का जश्न "चंद्रयान महोत्सव 2023" के रूप में मनाया गया।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय जो कि जियों के टू 5जी सुविधा से अपडेट होने वाला बन गया। विश्वविद्यालय में दिनांक 04 सिंतबर 2023 को एक दिवसीय एक्सपर्ट टाक ऑफ जियो टू 5 जी किया गया। जियो कंपनी के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्टेट हेड पर्थ प्रतिम ने इस सुविधा के बारें में पूरी जानकारी साझा की। इस अवसर पर जियो टू 5जी सुविधा को केक काटकर लांच किया गया। साथ ही सुविधा शुरू होने का प्रमाणपत्र भी विश्वविद्यालय को सौंपा गया।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में संचालित वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय और आईक्यूएसी सेल के द्वारा दिनांक 06 सिंतबर 2023 को विश्वविद्यालय के गोदग्रामों में "ट्री प्लांटेशन" अभियान की शुरूवात की गई। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के द्वारा नगर पंचायत कोटा को पत्र लिखकर पौधारोपण करने एवं अमृत उद्यान बनाने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई थी, जिसे कार्यालय नगर पंचायत कोटा, जिला बिलासपुर द्वारा नगर पंचायत कोटा के वार्ड क्रमांक 14 स्थित मुक्तिधाम में पौधारोपण कर अमृत उद्यान बनाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दी गई है। |
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में संस्कृत एवं प्राच्य भाषा विभाग एवं आईक्यूएसी सेल द्वारा संस्कृत दिवस मनाया गया। संस्कृत दिवस उत्सव – संस्कृत भाषा की प्राचीनता एवं प्रासंगिकता पर परिचर्चा हुई। संस्कृत दिवस संस्कृत भाषा की प्राचीनता और महत्व की जानकारी के लिये मनाया जाता है। संस्कृत दिवस पारंपरिक हिंदु पंचाग के अनुसार श्रावण माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। |
| | | – | डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय में दिनांक 05 सिंतबर 2023 को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस का आयोजन छात्र–छात्राओं के द्वारा व्यापक रूप से करके अपने गुरूजनों का सम्मान किया गया एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। |
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में मल्टीनेशनल और नेशनल कंपनियों ने ओपन जाब फेयर में इंटरव्यू लेकर विद्यार्थियों का चयन किया गया। कैंपस में कई राज्यों की नेशनल एवं मल्टीनेशनल 26 कंपनियों (जस्ट डायल, पेटीएम, मैग्नस आरएसडीएफएल, ओकाया पावर एंड सुपरहाज टेक्नोलॉजी, डिजिटल मांइड टेक्नोलॉजी, मदरसन, बीजूएस, टेक महिंद्रा, क्वेस्कार्प लिमिटेड, आधार |

| | | |
|---|---|---|
| | | साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसह ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, एम स्क्वेयर मोटर्स एरिना, पर्क माईड प्राइवेट लिमिटेड, केपी रिलायबल, तकनीक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, वीएसएस टेक साल्यूशन लिमिटेड आदि)ने यहां कैंपस में इंटरव्यू लिया। इनमें की 16 कंपनियों ने 227 विद्यार्थियों का चयन किया गया।<br><br>– डॉ. सी. व्ही रमन विश्वविद्यालय के कला संकाय के अंतर्गत संचालित सामाजिक विज्ञान विभाग के द्वारा दिनांक 08 सिंतबर 2023 को विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये गोदग्राम अमने में महिला साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें गोदग्राम अमने की प्रत्येक महिलाओं को साक्षरता हेतु जागरूक किया गया।<br><br>– डॉ. सी. व्ही रमन विश्वविद्यालय के कला संकाय के अंतर्गत संचालित सामाजिक विज्ञान विभाग के द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये गोदग्राग पंडाकापा में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें गोदग्राम पंडाकापा के रहवासियों के नागरिकों को अभियान का लाभ मिला।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 10 सिंतबर 2023 को पीएच.डी. प्रोग्राम के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे प्रदेश के अलग–अलग जिलों से एवं बाहर के राज्यों से आकर छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रवेश परीक्षा दिलाया गया।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 14 सिंतबर 2023 को कला संकाय के अंतर्गत भाषा विज्ञान विभाग एवं वनमाली सृजन पीठ द्वारा हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैश्विक स्तर पर हिन्दी की |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | दशा एवं दिशा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं छात्र–छात्राओं के द्वारा कवितार व कहानियों का पाठ किया गया। |
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के वनमाली सृजन पीठ के द्वारा हिंदी पखवाड़े में हिंदी का माध्यमिक क्रम भाषा बनाम साहित्य विषय पर परिसंवाद समारोह आयोजित किया गया। भाषा और साहित्य का एक दूसरे के पूरक बताते हुये हिंदी भाषा को समग्र व्यक्तित्व विकास और पूरे देश को एकता मे बांधने वाली भाषा बताया। साथ ही हिंदी को शैक्षणिक ज्ञान के साथ–साथ व्यक्तित्व विकास का माध्यम बताया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्रायें वनमानी सृजन पीठ में पहुंचे। |
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 15 सिंतबर 2023 को अभियंता शिरोमणि मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर इंजीनियर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर भावी इंजीनियरों ने तकनीकी और गैर तकनीकी मॉडल का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। भावी इंजीनियरों के द्वारा मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया के जीवन आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। |
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व पोला धूमधाम से मनाया गया। बैलों की पूजा करके सुख संमृद्धि की कामना की गई। छत्तीसगढ़ पर्व से संबंधित प्रश्नोत्री का आयोजन किया गया। छात्रों ने उत्साह से कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। |
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 15 सिंतबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कचरा मुक्त भारत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। इस दौरान भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी के निर्देश पर विश्वविद्यालय परिसर एवं अंचल में विद्यार्थियों ने साफ सफाई अभियान चलाया। |
| | | – | आजादी का अमृत महोत्सव के तहत डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 16 सिंतबर 2023 को ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। ओजोन परत की रक्षा, जलवायु परिवर्तन को कम करने में मान्ट्रियल प्रोटोकाल की महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने ओजोन परत के संरक्षण एवं पृथ्वी पर इसके दुष्प्रभाव को बचाने अनेक माध्यमों से अपने विचार रखें साथ ही साथ भाषण, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पीपीटी प्रेजेंटेयशन सहित अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने ओजोन परत को संक्षारत एवं पृथ्वी पर बढ़ते इसके दुष्प्रभाव को अनेक माध्यम से अभिव्यक्त किया। |
| | | – | हरियाली संवर्धन के लिए, डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय एवं नवभारत के संयुक्त तत्वाधान में ''मेरा पेड़ मेरी जिम्मेदारी'' अभियान चलाया गया। पर्यावरण के प्रति समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और अपने शहर को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण दें। इस संदेश के साथ शनिवार को डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को वृहद पौधरोपण किया गया। |
| | | – | डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 17 सिंतबर 2023 को प्रधानमंत्री कौशल केंद्र एवं अभियांत्रिकी विभाग के अंतर्गत संचालित मेकेनिकल ब्रांच के द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम |

| | | |
|---|---|---|
| | | बहुत धुमधाम से मनाया गया। |
| | | – डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में दिनांक 19 सितंबर 2023 से 28 सितंबर 2023 तक गणेश की प्रतिमा स्थापित कर गणेश चतुर्थी को विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारी, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं के द्वारा धुमधाम से मनाया गया। |
| | | – डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई के द्वारा दिनांक 19 सितंबर 2023 से 25 सितंबर 2023 तक "विश्व रिवर डे" के रूप में मनाया गया। प्रत्येक वर्ष सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाने वाला विश्व नदी दिवस, एक वैश्विक उत्सव है जो हमारी नदियों के अपार मूल्य को रेखांकित करता है और इसका उद्देश्य उनके महत्व के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना है। |
| | | – डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने कौशल विकास के संबंध में जानकारी देने एवं कैरियर काउंसलिंग के उद्देश्य से देशव्यापी कौशल विकास यात्रा का शुभारंभ किया गया। कौशल यात्रा देश के अलग–अलग जगह के 25 राज्यों के 300 जिलों में भ्रमण कर युवाओ को जागरूक करेगी। यात्रा के दौरान कौशल विकास के अंतर्गत संचालित योजनाएं जैसे की शासकीय योजनाएं, एनयूएलएम, एनएसक्यूएफ एवं माईक्रोसाफट राइज एवं अनय की जानकारी युवाओं को दी जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा वाहनों को विशेष रूप से तैयार किया गया है। इन यात्रा वाहनों में कौशल विकास की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री उपलब्ध रखी गई, जो कि यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को वितरित की गई। यह यात्रा डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय एवं आईसेक्ट |

| | | |
|---|---|---|
| | | विश्वविद्यालय समूह द्वारा किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराते हुये उन्हें उद्यमिता, कौशल विकास एवं उच्च शिक्षा से जोड़ने का प्रयास है। यात्रा में साथ चल रहे विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुये मार्गदर्शन करते रहे।<br><br>– आजादी का अमृत महोत्सव के तहत डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय में दिनांक 25 सितंबर 2023 को "World Pharmacist Day" पर थीम "Pharmacy strengthening health systems – Angdan Mahadan" पर विभाग फार्मास्यूटिकल एवं आई. क्यू. ए. सी. सेल के तत्वाधान में आयोजित किया गया था।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में कृषकों एवं पारंपरिक वैद्यों के सशक्तिकरण, लघु वनोपज एवं प्राकृतिक उत्पादों के प्रसंस्करण विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में किसानों, आदिवासी महिलाओं, पारंपरिक वैद्यों एवं विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिनों तक प्राकृतिक उत्पादों के मूल्य संवर्धन आधारित प्रशिक्षण में आंवला कैंडी, अदरक कैंडी, कैचप, जेम, ऐलोवेरा जेल, जूस, साबुन, शैम्पू, फलों का रस और आवश्यक तकनीक सिखाया गया। इस प्रशिक्षण में केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं कई राज्यों विषय विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए।<br><br>– डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय में 29 सितंबर 2023 वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपोलों हॉस्पिटल बिलासपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ के द्वारा विद्यार्थियों को हृदय रोग से बचने और अपना जीवन स्वस्थ रखने के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। आयोजन |

| | | |
|---|---|---|
| | | एनएसएस, फार्मास्युटिकल साईंस विभाग, लाईफ साईंस, आईक्यूएसी सेल एवं अपोलो हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था।<br><br>– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विद्यार्थियों के बीच प्रचार–प्रसार, जागरूकता, फीडबैक और विभिन्न विषयों की जिम्मेदारी सौंपी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पत्र जारी कर विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एनईपी सारथी नियुक्त किया है।<br><br>– सत्र 2022–23 में शैक्षणिक गतिविधियॉ एवं प्रशासनिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करना एवं नवीन पाठ्यक्रमों के अनुरूप संसाधनों का निर्माण करना। |
| 17 | विश्वविद्यालय के संचालन में आने वाली प्रशासनिक, अकाद्मिक एवं अन्य कठिनाईयों की जानकारी। | – GAD के Circular में अभी तक विश्वविद्यालय का नाम समस्त विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल नहीं किया गया है। |

कुलसचिव